आयुष मंत्री ने लॉन्च किया 'योग मानस' ऐप

चर्चा में क्यों?

16 मई, 2023 को हरियाणा के आयुष मंत्री अनिल विज ने आयुष विभाग के 'योग मानस' (योगशाला मैनेजमेंट एंड ऐनालटिकल सिस्टम) ऐप की शुरुआत की।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर आयुष मंत्री ने बताया कि बेहतर जीवन जीने, अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने तथा अदभुत मनुष्य तैयार करने हेतु योग विद्या को बढ़ावा देने के लिये इस ऐप को लॉन्च किया गया है। इस ऐप के माध्यम से नागरिकों की योग गतिविधियों, योग सहायकों द्वारा करवाई जा रही कार्यवाही इत्यादि पर निगरानी भी रखी जा सकेगी।
- इस ऐप के माध्यम से योग में भाग लेने के लिये नागरिक/प्रतिभागी अपने मोबाइल से पंजीकरण कर सकता है। ऐप में ज़िला आयुष अधिकारी का लॉगइन दिया गया है तथा योग सहायक के मॉड्यूल के साथ-साथ डैशबोर्ड दिया गया है, जिसके माध्यम से योग की गतिविधियों पर संबंधित अधिकारियों द्वारा नज़र रखी जा सकेगी।
- नागरिक/प्रतिभागी को अपने मोबाइल में योग मानस एप्लीकेशन को इंस्टाल करना होगा और उसके बाद नागरिक/प्रतिभागी को अपनी बेसिक जानकारी डालकर इसे चालू करना होगा।
- ऐप के चालू होने के बाद जीपीएस के माध्यम से नागरिक/प्रतिभागी के आस-पास की योगशालाओं का लोकेशन दिखाई देगा। नागरिक/प्रतिभागी अपनी सुविधा के अनुसार संबंधित योगशाला में अपना पंजीकरण करने पर अपने सत्र को सब्सक्राइब करेगा। इस प्रक्रिया के पश्चात् नागरिक/प्रतिभागी का एनरोलमेंट हो जाएगा।
- आयुष मंत्री ने बताया कि इसी प्रकार से योग सहायकों की अलग से लॉगइन प्रक्रिया है। योग सहायक को अपनी जीपीएस लोकेशन ऑन करना होगा और अपनी योगशाला का चयन करना होगा। उसके पश्चात् उसे अपने सत्र/बैच का सृजन करना होगा तथा उसके बाद सत्र/बैच की जानकारी दिखाई देगी। इसके बाद वह अपनी हाजिरी को मार्क भी कर पाएगा।
- इस एप्लीकेशन में विभिन्न प्रकार के योग के आसनों की सूची भी दी गई हैं, जिसे नागरिक/प्रतिभागी अपने अनुसार कस्टमाइज कर पाएगा। एप्लीकेशन में ज़िला आयुष अधिकारी का लॉगइन दिये जाने से वह योगशाला, योग सहायक, योग सत्रों सहित सब्सक्रिप्शन की निगरानी कर सकेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ayush-minister-launched-yog-manas-app